जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

10 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति/आमंत्रण

जामिया का एजेके-एमसीआरसी करेगा 'फोटो-बज़्म' प्रदर्शनी का आयोजन

एजेके-मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर (एजेके-एमसीआरसी), जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीजी डिप्लोमा इन स्टिल फोटोग्राफी एंड विजुअल कम्युनिकेशन 2023-24 बैच के छात्रों द्वारा13 और 14 मई, 2024 को सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच 'फोटो-बज़्म' नामक एक पासिंग आउट फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी के दौरान शाम 4.30 बजे से छात्रों द्वारा बनाए गए ऑडियो-विजुअल भी दिखाए जाएंगे।

प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन 13 मई, 2024 को सुबह 10.00 बजे एमएफ हुसैन आर्ट गैलरी जामिया में ललित कला संकाय, जामिया के पूर्व डीन प्रोफेसर ग़ज़नफ़र एच ज़ैदी द्वारा किया जाएगा। ।

इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए मीडियाकर्मी सादर आमंत्रित हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया